<u>लोकसभा</u>

तारांकित प्रश्न संख्या *127

01 जुलाई, 2019 को उत्तर के लिए

इस्पात उत्पादन हेतु स्क्रैप

***127. श्री अनिल फिरोज़ियाः**

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या लघु इस्पात उद्योगों को मध्य प्रदेश सहित देश में इस्पात उत्पादन हेतु पर्याप्त स्क्रैप नहीं मिल रहा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसके क्या कारण हैं; और

(ग) सरकार द्वारा इस्पात उद्योग को सहायता प्रदान करने हेतु क्या सुधारात्मक कदम उठाये गए हैं/उठाये जायेंगे?

<u>उत्तर</u>

इस्पात मंत्री **(श्री धर्मेंद्र प्रधान)**

(क) से (ग): एक विवरण लोक सभा के पटल पर रख दिया गया है।

*****

"इस्पात उत्पादन हेतु स्क्रैप" के बारे में श्री अनिल फिरोज़िया, संसद सदस्य द्वारा लोक सभा में दिनांक 01 जुलाई, 2019 को उत्तर देने के लिए पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या *127 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) से (ग): इस्पात एक नियंत्रणमुक्त क्षेत्र है। प्राप्तियों, प्रचालनों, विक्रय, विपणन और निवेश इत्यादि के मामले वाणिज्यिक सोच-विचारों, बाजार की गतिशीलता इत्यादि के आधार पर संबंधित कंपनियों द्वारा देखे जाते हैं। इस्पात उत्पादक इकाइयों और स्क्रैप प्रसंस्करण इकाइयों में स्क्रैप का उपयोग इकाइयों का एक वाणिज्यिक निर्णय होता है। स्क्रैप घरेलू स्तर से अथवा आयात द्वारा प्राप्त किया जा सकता है। इस्पात उत्पादक इकाइयों द्वारा स्क्रैप के आयात अथवा घरेलू प्राप्तियों पर कोई पाबंदी नहीं है। मध्यप्रदेश सहित पूरे देश में इस्पात स्क्रैप आपूर्ति स्थिति को सरकार नियंत्रित नहीं करती है।

****